<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–21 जनवरी 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन चुने गये पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–भाजपा की विरासत को आगे बढ़ाएंगे नये अध्यक्ष।
- नोएडा में इंजीनियर की मौत के मामले में तीन सदस्यीय एसआईटी ने शुरू की जांच। अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर ने कहा– सभी पहलुओं को परख कर शासन को सौंपी जाएगी रिपोर्ट।
- प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के तहत फार्म छह के साथ घोषणा पत्र भरने की अनिवार्यता पर दिया जोर। मतदाताओं से छह फरवरी तक फार्म भरने की अपील की।
- गौतम बुद्ध नगर जिले में यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण–यीडा क्षेत्र में दो सौ पचास एकड़ भूमि पर विकसित होगा फिनटेक पार्क।

**********

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन को पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। पार्टी के रिटर्निंग अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण ने कल नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में संगठन पर्व पर इसकी घोषणा की और श्री नबीन को चुने जाने का प्रमाण पत्र सौंपा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री नबीन को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री नबीन पार्टी की विरासत को आगे बढ़ाएंगे।

***माननीय नितिन नबीन जी हम सभी के अध्यक्ष हैं और उनका दायित्व सिर्फ भाजपा को भी संभालना इतना नहीं है। एनडीए के सब साथियों के बीच भी उन्होंने तालमेल का बहुत बड़ा दायित्व भी देखना होता है। माननीय नितिन जी के संपर्क में जो भी आया है वो उनकी सरलता और सहजता की चर्चा जरूर करता है। नितिन जी ने हमेशा जो–जो जिम्मेवारी मिली अपने आपको उन्होंने साबित किया है।***

श्री मोदी ने कहा कि भारत, घुसपैठियों को अपने नागरिकों तथा गरीबों के अधिकार की सेवाओं को लूटने नहीं देगा। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रहे राजनीतिक दलों का पर्दाफाश किया जाना चाहिए।

***देश के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती घुसपैठियों की है। दुनिया के समर्थ देश वे भी अपने देश में जो घुसपैठिए हैं, उनकी जांच पड़ताल कर रहे हैं। दुनिया में कोई अपने देश में घुसपैठियों को स्वीकार नहीं करता है। भारत भी घुसपैठियों को अपने गरीबों, हमारे नौजवानों के हक कभी भी लुटने नहीं दे सकता।***

नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने पार्टी में सर्वोच्च पद तक पहुंचने का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया।

***माननीय प्रधानमंत्री जी उसको आत्मसात करते हुए विकसित भारत की परिकल्पना हम सबके सामने रखी है और एक सौ 40 करोड़ भारतवासी अपने आपको इस विकसित भारत के सपने के साथ जोड़कर देश को आगे बढ़ाने में लगा है। मैं इसके लिए तह दिल से माननीय प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से कल मुलाकात की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने बधाई देते हुए कहा कि श्री नवीन के कुशल नेतृत्व, संगठनात्मक अनुभव और दूरदर्शिता से पार्टी को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को और मजबूती मिलेगी।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने भी नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर शुभकामना दी।

**********

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उत्कृष्टता, नवाचार और प्रौद्योगिकी के उपयोग को लेकर राज्य विधानसभाओं के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता पर बल दिया है। श्री बिरला, कल लखनऊ में छियासीवें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के दूसरे दिन पूर्ण सत्र को संबोधित कर रहे थे। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने अपने सम्बोधन में विधानसभाओं की कार्यकुशलता बढ़ाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई का उल्लेख किया। आज, सम्मेलन का तीसरा और अंतिम दिन है। इस अवसर पर, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समापन भाषण भी देंगे।

**********

नोएडा में बेसमेंट के लिए खोदे गए पानी से भरे गहरे गड्ढे में कार सहित डूबकर मरने वाले इंजीनियर युवराज की मौत के मामले में मेरठ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय एसआईटी ने जांच शुरु कर दी । टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। इससे पहले टीम ने नोएडा विकास प्राधिकरण के दफ्तर पहुंच कर प्रोजेक्ट से जुड़ी फाइलों की जांच की। कमेटी के सदस्यों ने मृतक के परिजनों से भी मुलाकात की। अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर ने बताया कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है और जांच के बाद इसकी रिपोर्ट शासन को सौंप दी जाएगी।

*जो एसआईटी है, इसने काम शुरू कर दी है। शासन के निर्देशों पर हम लोग पांच दिन के अंदर इसकी रिपोर्ट दे देंगे। सभी लोगों से बातचीत की जाएगी और सभी लोगों से बात करके फिर यह देखना होगा कि किन्ही कारणों से और किन्ही परिस्थितियों में यह ऐसा दुखद घटना हुई। अभी हम लोग घटना की तहकीकात कर रहे हैं। अभी हम लोगों ने शुरूआत की है। सो जब पूरी घटना की तहकीकात कर लेंगे, पूछताछ कर लेंगे, उसके बाद अपने निष्कर्ष से माननीय शासन को अवगत कराएंगे।*

उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस मामले में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम. को पद से हटाकर प्रतीक्षारत किया जा चुका है। पुलिस ने इस मामले में बिल्डर अभय कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है। घटनास्थल से डूबी हुई कार को भी बरामद कर लिया गया है।

**********

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम–दो हजार छब्बीस के तहत नागरिकों द्वारा भरे जानेवाले फार्म–छह के साथ घोषणा पत्र अनिवार्य रूप से भरा जायेगा।एक रिपोर्ट–

*मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एसआईआर के तहत फार्म–6 में आवेदक का नाम व सही पता, नवीनतम फोटो और वर्तमान मोबाइल नम्बर अंकित किया जाना आवश्यक है। आयु के प्रमाण के लिए सक्षमस्तर के अधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, हाईस्कूल–इण्टरमीडिएट के प्रमाण–पत्र और भारतीय पासपोर्ट को प्रस्तुत किया जा सकता है। घोषणा पत्र में आवेदक को वर्ष 2003 की अंतिम मतदाता सूची में से स्वयं का अथवा अपने माता–पिता, दादा–दादी या नाना–नानी में से किसी एक का विवरण, विधान सभा क्षेत्र संख्या, भाग संख्या तथा क्रम संख्या के साथ भरकर प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने प्रदेश के सभी मतदाताओं से अपील की है कि यदि नाम सम्मिलित न हो अथवा किसी प्रकार की त्रुटि हो तो फार्म–6, 7 अथवा 8 भरकर दिनांक 6 फरवरी, 2026 तक ऑनलाइन या ऑफलाइन दर्ज कराएं। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

**********

गौतम बुद्ध नगर जिले में यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण–यीडा क्षेत्र के सेक्टर–ग्यारह में दो सौ पचास एकड़ भूमि पर "फिनटेक पार्क" विकसित किया जाएगा। एक रिपोर्ट–

*यह परियोजना उत्तर प्रदेश को देश के प्रमुख फिनटेक हब के रूप में स्थापित करेगी। यह शफिनटेक पार्क" बैंकिंग से ब्लॉक चेन तक का विशाल हब होगा। यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ आर.के.सिंह के मुताबिक इस परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट–डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डीपीआर में फिनटेक पार्क के इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश मॉडल, रोजगार क्षमता और चरणबद्ध विकास की रूपरेखा तैयार की जा रही है। डीपीआर पूरी होते ही निवेशकों के लिए प्लॉट आवंटन और अन्य प्रक्रियाओं का रोडमैप सार्वजनिक किया जाएगा। गौतम बुद्ध नगर से विशाल धर दूबे की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक।*

**********

प्रगति अभियान के तहत इक्यावन किलोमीटर लंबी मऊ–गाजीपुर तारिघाट नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन, सार्वजनिक वित्त पोषण के तहत एक नई महत्वपूर्ण रेल पहल का प्रतिनिधित्व करती है। रेल विकास निगम लिमिटेड वाराणसी के कार्यकारी निदेशक विकास चंद्रा ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य पूर्वी उत्तर प्रदेश में रेल संपर्क को बढ़ाना, दूर–दराज इलाकों और कृषि प्रधान जिलों को राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ना और गंगा गलियारे में बहुआयामी परिवहन में सुधार करना है।

*किसी भी प्रोजेक्ट को करने के लिए काफी सारी बाधाएं आती है लेकिन यह प्रयास प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से बहुत ज्यादा रहा प्रगति मीटिंग के द्वारा 6 महीने के अंदर जितने भी क्लीयरेंसेस होते थे सारे क्लीयरेंसेस ले लिए गए।*

**********

ठंड और कोहरे के बीच मौसम विभाग ने प्रदेश में बारिश की संभावना जतायी है। विभाग के मुताबिक कल पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं हल्की से लेकर बहुत हल्की बारिश की संभावना है।

**********